राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2701596 E-mail: rajssaquality@gmail.com

क्रमांकः रा.स्कूल.शि.प. / जय / गुणवत्ता / शाला सिद्वि / 2019–20 3315 दिनांकः 8/7/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय :— शाला सिद्वि अन्तर्गत सत्र 2019–20 में किये जाने वाले बाह्य मूल्यांकन के संबंध में।
सन्दर्भ :— पत्र क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प. / जय / गुणवत्ता / शाला सिद्वि / 2019–20 / 2540 दिनांक 22.06.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत एव सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख हैं कि शाला सिद्वि के अन्तर्गत सत्र 2019–20 में बाह्य मूल्यांकन एवं बाह्य मूल्यांकन से पूर्व किये जाने वाले आवश्यक कार्यो हेतु आपको अवगत कराया गया था। **इसी क्रम में आगामी माहों में बाह्य मूल्यांकन कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु आपके जिले में शाला सिद्वि स्वयं मूल्यांकन (सत्र 2018–19) कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ राजकीय विद्यालयों की सूचना निम्न प्रारूप में सॉफ्ट कॉपी (MS Excel) में दिनांक 10.07.2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें –**

क्र.स	जिला	ब्लॉक	पंचायत	ग्राम	विद्यालय का नाम	विद्यालय का यू–डाइस कोड	विद्यालय का प्रकार (प्रावि. / उप्रावि. / मावि. / उमावि.)
1	2	3	4	5	6	7	8

<u>विद्यालयों के चयन करने हेतु आवश्यक निर्देश –</u>

- सत्र 2018–19 में किये गये स्वयं मूल्यांकन कार्य के आधार पर बाह्य मूल्यांकन हेतु सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का चयन किया जावे। **गत सत्रों में किये गये स्वयं मूल्यांकन कार्य के आधार पर विद्यालयों का चयन नही किया जावें।**
- जिले में संचालित कुल राजकीय विद्यालयों में से सत्र 2018–19 में स्वयं मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने वाले कुल 1 / 6 सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का चयन कर सूचना भिजवाई जावें। **<u>आवश्यक रूप से संलग्न सूची अनुसार।</u>**
- बाह्य मूंल्याकन हेतु चयन किये जाने वाले 1 / 6 सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का चयन इस प्रकार किया जाये कि राज्य के सभी श्रेणी (प्रा.वि. / उ.प्रा.वि. / मा.वि. / उ.मा.वि.) के विद्यालय चयनित सूची में शामिल हो। <u>अति–आवश्यक</u>
- स्वयं मूल्यांकन के अन्तर्गत इन्द्राज किये गये आकंडो की विश्वसनीयता को आवश्यक रूप से मिलान कर विद्यालयों का चयन किया जावें। **आवश्यकता होने पर पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार 10 जुलाई 2019 तक उक्त सूचनाऐं अद्यतन की जा सकती है।**

www.rajteachers.com

- ऐसे विद्यालयों का चयन किया जावें जहाँ संस्था प्रधानों ने विद्यालय विकास से संबंधित समस्त सूचनाऐं शिक्षकों, समुदाय एवं अभिभावकों से चर्चा उपरान्त व शाला सिद्धि यूजर मैन्यूवल के अनुसार इन्द्राज की हों।
- ऐसे विद्यालयों का चयन किया जावें जहां शाला सिद्धि डैश बोर्ड पर फीडिंग पश्चात समस्त प्रपत्रों की एक हार्ड प्रति विद्यालय की फाईल में संधारित की गई हो, ताकि बाह्य मूल्यांकन के दौरान इन्द्राज की गई सूचनाओं .का साक्ष्यानुरूप मिलान किया जा सकें।
- ऐसे विद्यालयों का चयन किया जावें जहां शाला सिद्धि डैश बोर्ड पर सत्र 2018–19 के अन्तर्गत स्वयं मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर दिया गया हो।

यह कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रलाय, नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया समयबद्व कार्यक्रम है। अतः कार्य की गम्भीरता को देखते हुये उपरोक्त सूचनाऐं आवश्यक रूप से निर्धारित तिथि तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

नोट – न्यूपा, नई दिल्ली द्वारा निर्मित शाला सिद्धि वेब पोर्टल का URL Address बदल दिया गया है। अब से शाला सिद्धि संबंधित समस्त सूचनाऐं इन्द्राज एवं देखने हेतु निम्न URL Address पर क्लिक करें – http://shaalasiddhi.niepa.ac.in

संलग्न – उपरोक्तानुसार

(एम.आर. बागडिया)
अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

www.rajteachers.com

क्रमांकः रा.स्कूल.शि.प. / जय / गुणवत्ता / शाला सिद्धि / 2019–20 3315 दिनांकः 8/7/19

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, राज. बीकानेर।
4. संयुक्त निदेशक, समस्त संभाग।
5. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समसा जिला।
6. रक्षित पत्रावली।

अति. राज्य परियोजना निदेशक–पथम

D:\d drive\SIQE 2015\SIQE 2018\Vikaram ji Letter/ Quality Hindi Letter